विशेष खाद्यान्न कार्यक्रम के अधीन गुजरात के जिले

1302. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विशेष खाद्यान्न कार्यक्रम के अन्तर्गत गुजरात के कौन-कौन से जिले शामिल किये गये हैं;

(ख) इस कार्यक्रम के अन्तर्गत कितने नलकूप तथा कुएं खोदे गए हैं;

(ग) उनका जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या यह सच है कि कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप नहीं हो रहा है और काम के निर्धारित कार्यक्रम का जिले-वार ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम) : (क) खेड़ा, जूनागढ़, पंच महल, वदोदरा, सूरत, बलसाड, साबरकांठा और बनासकांठा नामक जिलों को उथले नलकूपों/खुदे कुओं का निर्माण करने के लिए विशेष खाद्यान्न कार्यक्रम के तहत शामिल किया गया था।

(ख) 31 मार्च, 1992 तक 8,429 उथले/खुदे कुओं का निर्माण किया गया। यह कार्यक्रम 1988-89 से 1991-92 तक कार्यान्वित किया गया।

(ग) और (घ) जिलावार ब्यौरा इस प्रकार है :—

जिले	निर्मित किए गए उथले/खुदे हुए कुएं
1. खेड़ा	1067
2. जूनागढ़	871
3. पंचमहल	2227
4. बनासकांठा	967
5. बालसाड़	999
6. साबरकांठा	886
7. सूरत	1082
8. बदोदरा	330
कुल	8429

राज्य सरकार ने सूचित किया है कि उन्होंने समय-सारणी के अनुसार कार्य को अंजाम दिया है।

राष्ट्रीय कृषि विस्तार परियोजना के अधीन गुजरात को विश्व बैंक की सहायता

1303. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय कृषि विस्तार परियोजना के अन्तर्गत गुजरात को विश्व बैंक द्वारा कितनी सहायता दी गई है; और

(ख) उक्त परियोजना के अधीन पिछले दो वर्षों के दौरान किए गए कार्य का जिलावार ब्यौरा क्या है ?

गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री और कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री